हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार 19 जून 2026

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 29.0 डिग्री

4 मेडागास्कर विधि से समय की बचत और धान की खेती में लागत भी कम : एक्सपर्ट








## खबर संक्षेप



### 10 लीटर महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** तमनार पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम कोडकेल में एक व्यक्ति को 10 लीटर हाथ भट्ठी निर्मित महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी अपने घर में शराब को बिक्री के उद्देश्य से छिपाकर रखे हुए था।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी तमनार निरीक्षक प्रशांत राव को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम कोडकेल निवासी शंकर भगत अपने घर में अवैध रूप से महुआ शराब संग्रहित कर उसकी बिक्री कर रहा है।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम गवाहों के साथ आरोपी के घर पहुंची और पूछताछ की। पूछताछ के दौरान आरोपी ने शराब रखने और बिक्री करने की बात स्वीकार कर ली। इसके बाद उसने अपने घर की बाड़ी में छिपाकर रखे एक प्लास्टिक बोरे को निकालकर पुलिस के सामने पेश किया। तलाशी के दौरान बोरे के भीतर 5-5 लीटर क्षमता वाले दो प्लास्टिक जरीकेन मिले, जिनमें कुल 10 लीटर हाथ भट्ठी से निर्मित कच्ची महुआ शराब भरी हुई थी। पुलिस ने मौके पर ही शराब को जब्त कर सीलबंद कर लिया। पुलिस ने आरोपी शंकर भगत 28 वर्ष निवासी ग्राम कोडकेल, थाना तमनार के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) और 59(क) के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### 13 लीटर महुआ शराब बरामद, दो गिरफ्तार

**रायगढ़।** कोतरारोड़ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक कार से 13 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त की है। पुलिस ने इस मामले में एक महिला सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के दौरान शराब के परिवहन में प्रयुक्त कार भी जब्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 2 लाख रुपये बताई जा रही है। कोतरारोड़ पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक सफेद रंग की कार में अवैध महुआ शराब कृष्णापुर क्षेत्र से रायगढ़ की ओर लाई जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने कृष्णापुर रोड स्थित पेट्रोल पंप के समीप घेराबंदी कर संदिग्ध वाहन का इंतजार किया। कुछ देर बाद बताए गए हुलिए की एक कार को रोककर तलाशी ली गई। जांच के दौरान वाहन की डिक्की में रखे दो झोलों से 130 पन्नी पाउच में भरी कच्ची महुआ शराब बरामद हुई। प्रत्येक पाउच में 100 मिलीलीटर शराब भरी हुई थी। इस तरह कुल 13 लीटर महुआ शराब जब्त की गई। पूछताछ में वाहन चालक की पहचान दिनेश कुमार चौहान 39 वर्ष और उसके साथ मौजूद महिला उषा चौहान 38 वर्ष के रूप में हुई। दोनों ने शराब को बिक्री के उद्देश्य से ले जाना स्वीकार किया। पुलिस द्वारा शराब के संबंध में वैध दस्तावेज मांगे जाने पर आरोपी कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। इसके बाद पुलिस ने 13 लीटर महुआ शराब के साथ परिवहन में प्रयुक्त फोर्ड फिगो कार को जब्त कर लिया। जब्त सामग्री की कुल अनुमानित कीमत करीब 2 लाख 1 हजार 300 रुपये आंकी गई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों को न्यायिक प्रक्रिया के तहत रिमांड पर भेज दिया गया है।

### पथरी के मरीजों को नहीं मिल रहा इलाज, बड़े शहरों की ओर रूख करने मजबूर

# करोड़ों खर्च, सुविधा शून्य: 8 साल से मेडिकल कॉलेज में धूल फांक रही लिथोट्रिप्सी मशीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में करोड़ों की लागत से खरीदी गई अत्याधुनिक लिथोट्रिप्सी मशीन करीब 8 वर्षों से उपयोग के अभाव में धूल फांक रही है। किडनी स्टोन के इलाज के लिए लाई गई यह अत्याधुनिक मशीन अब तक एक भी मरीज के उपचार में इस्तेमाल नहीं हो सकी है। हैरानी की बात यह है कि इतने वर्षों से एक कमरे में बंद इस मशीन की वारंटी अवधि भी समाप्त हो चुकी है और अब इसे चालू करने के लिए अतिरिक्त खर्च की आवश्यकता बताई जा रही है।इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मेडिकल कॉलेज की स्थापना के बाद मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अस्पताल के लिए कई आधुनिक उपकरण खरीदे गए थे। इन्हीं में से एक लिथोट्रिप्सी मशीन भी थी, जिसकी खरीद वर्ष 2018 में लगभग 2.25 करोड़ रुपये की लागत से की गई थी। इस मशीन का उपयोग किडनी की पथरी को बिना ऑपरेशन और बिना चीरा लगाए लेजर के माध्यम से तोड़कर निकालने के लिए किया जाता है, जिससे मरीज को कम दर्द और तेजी से राहत मिलती है। हालांकि मशीन अस्पताल पहुंचने के बाद से ही उपयोग में नहीं लाई जा सकी। बताया जाता है कि पर्याप्त तकनीकी व्यवस्था और विशेषज्ञों की अनुपलब्धता के कारण यह मशीन वर्षों तक बंद पड़ी रही। बाद में जब इसे चालू करने की कोशिश की गई तो लंबे समय तक निष्क्रिय रहने के कारण इसमें तकनीकी खराबी सामने आई। बताया जा रहा कि वर्ष 2023 में मशीन की तकनीकी जांच भी कराई गई थी, जिसमें इसके सुधार और रखरखाव के लिए अतिरिक्त राशि खर्च होने की आवश्यकता बताई गई। अस्पताल प्रबंधन द्वारा इसके लिए शासन को प्रस्ताव भी भेजा जा चुका है, लेकिन बजट स्वीकृत नहीं होने के कारण मशीन आज तक बंद पड़ी है। इस स्थिति का सबसे बड़ा नुकसान मरीजों को उठाना पड़ रहा है। रायगढ़ जिले में यह सुविधा उपलब्ध होने के बावजूद किडनी स्टोन के मरीजों को आधुनिक उपचार का लाभ नहीं मिल पा रहा है। ऐसे मरीजों की सर्जरी अब भी पारंपरिक पद्धति से की जा रही है या फिर उन्हें रायपुर और भिलाई के अस्पतालों का रुख करना पड़ता है।



#### विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी भी

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार लिथोट्रिप्सी तकनीक से कई मामलों में ऑपरेशन की आवश्यकता नहीं पड़ती और मरीज कम समय में सामान्य जीवन में लौट सकता है, लेकिन करोड़ों रुपये खर्च कर खरीदी गई मशीन का उपयोग नहीं होने से सरकारी धन के उपयोग पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि मशीन को चालू करने के लिए मरम्मत पर खर्च करना होगा। साथ ही वर्तमान में इसे संचालित करने के लिए आवश्यक विशेषज्ञ चिकित्सक भी उपलब्ध नहीं हैं। अधिकारियों के मुताबिक विशेषज्ञों की नियुक्ति और तकनीकी सुधार के बाद ही मशीन को शुरू किया जा सकेगा। फिलहाल स्थिति यह है कि आधुनिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होने के बावजूद मरीज उससे वंचित हैं और करोड़ों रुपये की मशीन अस्पताल के एक कमरे में बंद पड़ी अपनी उपयोगिता साबित होने का इंतजार कर रही है।

#### नहीं मिल रही संचालन के लिए राशि

लिथोट्रिप्सी मशीन के संचालन के लिए पूर्व में भी शासन को प्रस्ताव बनाकर भेजा गया था, लेकिन शासन की ओर से राशि आबंटित नहीं होने की वजह से इस मशीन का संचालन नहीं हो पा रहा है। जल्द ही पुन: शासन को प्रस्ताव भेजा जाएगा।

**डॉ संतोष कुमार**
डीन, मेडिकल कॉलेज रायगढ़

### चौथीलाइन कनेक्टिविटी कार्य के लिए 22 जून से बीआर व जेडी प्रभावित

**रायगढ़।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत बिलासपुर-चांपा चौथी लाइन परियोजना के अंतर्गत जांजगीर-नैला स्टेशन पर अप ग्रिड में ऑटो सिग्नलिंग सहित चौथी लाइन कनेक्टिविटी के कमीशनिंग कार्य हेतु नॉन-इंटरलॉकिंग का कार्य किया जाएगा। इसकी वजह से 22 जून से 05 जुलाई तक बिलासपुर-रायगढ़-बिलासपुर मेमो लोकल और झारसुगुड़ा-गोंदिया-झारसुगुड़ा पैसेंजर प्रभावित होंगे। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार इस कार्य की वजह से 22 जून से 03 जुलाई तक रायगढ़ व बिलासपुर से चलने वाली गाड़ी संख्या 68737/68738 रायगढ़-बिलासपुर-रायगढ़ मेमू रद्द किया गया है। इसके साथ ही 22 जून से 03 जुलाई तक गोंदिया से चलने वाली गाड़ी संख्या 68861 गोंदिया-झारसुगुड़ा मेमू पैसेंजर बिलासपुर स्टेशन में समाप्त होगी तथा बिलासपुर-झारसुगुड़ा के मध्य रद्द रहेगी। वहीं 22 जून से 03 जुलाई तक झारसुगुड़ा से चलने वाली गाड़ी संख्या 68862 झारसुगुड़ा-गोंदिया पैसेंजर बिलासपुर स्टेशन से प्रारम्भ होगी तथा झारसुगुड़ा-बिलासपुर के मध्य रद्द रहेगी।

## शिक्षकों की समस्याओं को लेकर फेडरेशन ने की डीईओ से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक/समग्र शिक्षक फेडरेशन ने शिक्षकों और विद्यालयों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। फेडरेशन के जिलाध्यक्ष सी पी डनसेना के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने नवपदस्थ डीईओ को अपनी समस्याओं से अवगत कराया।

ज्ञापन में जिले के एकल शिक्षकीय विद्यालयों में तत्काल अतिरिक्त शिक्षकों की नियुक्ति, जनगणना कार्य एवं टीईटी/सीटीईटी उत्तीर्ण शिक्षकों की सेवा पुस्तिका में आवश्यक प्रविष्टियां दर्ज करने, जीपीएफ पासबुक को अद्यतन करने तथा सीएससी नियुक्तियों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग की गई। इसके साथ ही भीषण गर्मी को देखते हुए विद्यालयों का संचालन प्रातःकालीन पाली में कराने का आग्रह भी किया गया। फेडरेशन ने शिक्षकों से विभिन्न माध्यमों से बार-बार एक जैसी जानकारी मांगने की प्रक्रिया को सरल बनाने और विभागीय



व्हाट्सएप संदेशों के लिए समय-सीमा निर्धारित करने की मांग रखी। उनका कहना है कि अत्यधिक प्रशासनिक कार्यों के कारण शिक्षण कार्य प्रभावित हो रहा है।ज्ञापन में विभाग के दिवंगत कर्मचारियों के आश्रितों को शीघ्र अनुकंपा नियुक्ति देने तथा मध्याह्न भोजन (एमडीएम) रसोइयों के लंबित मानदेय का भुगतान करने की मांग भी शामिल रही। फेडरेशन ने शिक्षकों के निजी मोबाइल फोन में छत्तीसगढ़ विद्या समीक्षा केंद्र ऐप को अनिवार्य रूप से इंस्टॉल कराने और ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराने की व्यवस्था पर गंभीर आपत्ति दर्ज कराई। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के मोबाइल में बैंकिंग, आधार, व्यक्तिगत दस्तावेज और पारिवारिक जानकारियां सुरक्षित रहती हैं।

#### तकनीकी खामियों का भी उठाया मुद्दा

फेडरेशन के अनुसार वीकेएस ऐप में तकनीकी समस्याएं सामने आ रही हैं। कई शिक्षकों को ऐप के बार-बार क्रैश होने और उपस्थिति दर्ज करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में इसे अनिवार्य बनाना व्यवहारिक नहीं है। जिलाध्यक्ष सी.पी. डनसेना ने कहा कि शिक्षकों का विरोध तकनीक के उपयोग से नहीं, बल्कि निजी उपकरणों पर शासकीय ऐप्स की अनिवार्यता, डेटा सुरक्षा और निजता से जुड़े मुद्दों को लेकर है।

#### शिक्षकों का समय प्रशासनिक कार्यों में लग रहा

शिक्षकों ने बताया कि वे पहले से ही विनोबा ऐप, टीबीसी सीजी ऐप, सीजी पीएम पोषण ऐप सहित कई डिजिटल प्लेटफॉर्म पर कार्य कर रहे हैं, इसके बावजूद उन्हीं जानकारियों की ऑफलाइन प्रतियां भी मांगी जाती हैं। इससे शिक्षकों का समय प्रशासनिक कार्यों में व्यतीत होता है और विद्यार्थियों के अध्यापन पर असर पड़ता है। फेडरेशन ने मांग की है कि शिक्षकों के निजी मोबाइल पर किसी भी शासकीय ऐप की अनिवार्यता समाप्त की जाए, ऑनलाइन कार्यों के लिए शासकीय मोबाइल, इंटरनेट सुविधा एवं रिचार्ज भत्ता उपलब्ध कराया जाए तथा डेटा और साइबर सुरक्षा को लेकर स्पष्ट नीति बनाई जाए।

## जेल में बंद युवक की मौत पर सियासत तेज कांग्रेस जांच दल ने परिजनों से की मुलाकात

**निष्पक्ष जांच की उठाई मांग, कहा- न्याय मिलने तक लड़ाई जारी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिला जेल में बंद नवापारा निवासी संजय बघेल की मौत के मामले ने अब राजनीतिक तूल पकड़ लिया है। घटना को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा गठित छह सदस्यीय जांच दल गुरुवार को रायगढ़ पहुंचा और मृतक के परिजनों से मुलाकात कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। दल ने जिला जेल का भी निरीक्षण किया तथा वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

कांग्रेस नेताओं ने परिजनों से चर्चा के दौरान उनकी शिकायतें सुनीं। परिजनों ने आरोप लगाया कि संजय बघेल को पुलिस द्वारा घर से ले जाते समय वह पूरी तरह स्वस्थ था, लेकिन कुछ दिनों बाद उसकी मौत की सूचना मिली। परिवार ने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए कई गंभीर आरोप भी लगाए हैं।



हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी। जांच दल के दौरे के दौरान खरसिया विधायक उमेश पटेल, जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि न्यायिक अभिरक्षा या जेल में किसी व्यक्ति की मौत केवल एक सामान्य घटना नहीं मानी जा सकती, बल्कि यह प्रशासनिक जवाबदेही और मानवाधिकारों से जुड़ा गंभीर विषय है। इस दौरान जांच दल ने जिला जेल की स्थिति को लेकर भी चिंता जताई। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि जेल में निर्धारित क्षमता से कहीं अधिक बंदियों को रखा जा रहा है। उनके अनुसार जिन बैरकों में सीमित संख्या में बंदियों के रहने की व्यवस्था है, वहां उससे दोगुने लोगों को रखा जा रहा है, जिससे सुरक्षा और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।

#### सरकार से की कई मांगें

कांग्रेस ने राज्य सरकार से मामले की उच्चस्तरीय और समयबद्ध जांच कराने, दोषियों पर कार्रवाई करने तथा पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग की है। साथ ही मृतक की पत्नी को सरकारी नौकरी, बच्चों की शिक्षा और परिवार को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने की भी मांग उठाई गई है। कांग्रेस ने प्रदेश की जेलों की व्यवस्था की व्यापक समीक्षा कर सुधारात्मक कदम उठाने की आवश्यकता भी बताई।

#### जांच दल में शामिल रहे ये नेता

प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज द्वारा गठित जांच दल में सरायपाली विधायक श्रीमती चातुरी नंद को संयोजक बनाया गया है। इस जांच दल में पामगढ़ विधायक शेषराज हरवंश, बिलाईगढ़ विधायक श्रीमती कविता प्राण लहरे, लैलूंगा विधायक श्रीमती विद्यावती सिदार, जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष नागेन्द्र नेगी तथा जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष शाखा यादव सदस्य के रूप में शामिल है। कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि मामले की जांच निष्पक्ष तरीके से नहीं हुई या किसी प्रकार की अनियमितता सामने आई तो पार्टी इस मुद्दे को व्यापक स्तर पर उठाएगी। वहीं संजय बघेल की मौत की वास्तविक परिस्थितियों का खुलासा अब जांच रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा।

## तमनार मार्ग पर मिली महिला की लाश हत्या के बाद शव जलाने की आशंका

**रायगढ़।** पूंजीपथरा थाना क्षेत्र में एक महिला का अधजला शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया है। पुलिस को आशंका है कि महिला की हत्या करने के बाद उसकी पहचान छिपाने के उद्देश्य से शव को जलाने की कोशिश की गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस, फॉरेंसिक विशेषज्ञों और डॉग स्क्वायड की टीम जांच में जुटी हुई है।

इस संबंध से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार देर शाम सूचना प्राप्त हुई कि तमनार चौक से तमनार जाने वाले मार्ग पर स्थित एक क्रेशर के पास पगडंडी रास्ते में एक महिला का शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही पूंजीपथरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल को घेरकर जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में मृतका की उम्र करीब 40 से 45 वर्ष के बीच आंकी गई है। शव की स्थिति को देखते हुए पुलिस को संदेह है कि अपराधियों ने महिला की पहचान मिटाने के लिए उसके चेहरे और शरीर के कुछ हिस्सों को आग के हवाले किया होगा। महिला के कपड़े भी काफी हद तक जल चुके पाए गए हैं। घटना की सूचना मिलते ही फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड को भी मौके पर बुलाया गया। विशेषज्ञों ने घटनास्थल से विभिन्न साक्ष्य एकत्र किए हैं, जिनके आधार पर मामले की जांच आगे बढ़ाई जा रही है। हालांकि प्रथम दृष्टया शव पर किसी बड़े बाहरी चोट के स्पष्ट निशान नहीं मिले हैं, लेकिन मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। पुलिस फिलहाल मृतका की पहचान स्थापित करने को प्राथमिकता दे रही है। इसके लिए आसपास के गांवों के साथ-साथ औद्योगिक क्षेत्रों में भी सूचना प्रसारित की गई है।

### रायगढ़, सक्ती और सारंगढ़ पुलिस को बड़ी राहत, स्थानीय स्तर पर मिलेगी

## एफएसएल में पहला टेस्ट होगा गांजे का, लैलूंगा से आया सैंपल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में स्थापित क्षेत्रीय न्यायिक विज्ञान प्रयोगशाला यानी एफएसएल में वैज्ञानिक जांच प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस नई सुविधा के शुरू होने के साथ ही रायगढ़, सक्ती और सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिलों की पुलिस को अब फॉरेंसिक जांच के लिए स्थानीय स्तर पर ही सुविधा मिलने लगी है। इसी क्रम में थाना लैलूंगा द्वारा एनडीपीएस एक्ट के एक मामले में जब्त गांजा परीक्षण के लिए क्षेत्रीय एफएसएल रायगढ़ में जमा कराया गया, जो इस प्रयोगशाला में जांच के लिए पहुंचा पहला मादक पदार्थ बना है।

जानकारी के अनुसार 17 जून को थाना लैलूंगा के प्रभारी उप निरीक्षक गिरधारी साव अपने स्टाफ के साथ जब्त गांजा लेकर क्षेत्रीय एफएसएल पहुंचे और परीक्षण के लिए नमूना जमा कराया। इससे क्षेत्रीय प्रयोगशाला में वैज्ञानिक परीक्षण कार्यों की औपचारिक शुरुआत हो गई। गौरतलब है कि 17 मई 2026 को मुख्यमंत्री ने बादल महल में स्थापित क्षेत्रीय न्यायिक विज्ञान प्रयोगशाला का शुभारंभ किया था। वर्तमान में यहां नारकोटिक्स, केमिस्ट्री और बायोलॉजी से संबंधित विभिन्न प्रकार की वैज्ञानिक जांच की जा रही है। अब तक रायगढ़, सक्ती और सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिलों की पुलिस को व्हीसरा, ब्लड सैंपल, मादक पदार्थ और अन्य वैज्ञानिक साक्ष्यों की जांच के लिए बिलासपुर स्थित प्रयोगशाला पर निर्भर रहना पड़ता था। इससे रिपोर्ट आने में काफी समय लगता था। नई प्रयोगशाला शुरू होने के बाद अधिकांश जांच स्थानीय स्तर पर ही संभव हो सकेगी, जिससे विवेचना की प्रक्रिया तेज होगी और लंबित मामलों के निराकरण में भी मदद मिलेगी।



#### क्षेत्रीय एफएसएल की स्थापना पुलिस जांच होगी प्रभावी

सीन ऑफ क्राइम यूनिट रायगढ़ के संयुक्त संचालक डॉ. पी.एस. भगत ने बताया कि नए आपराधिक कानूनों में फॉरेंसिक साक्ष्यों को विशेष महत्व दिया गया है। ऐसे में क्षेत्रीय एफएसएल की स्थापना पुलिस जांच को अधिक वैज्ञानिक, सटीक और प्रभावी बनाएगी। इससे अपराधों की विवेचना और अभियोजन पक्ष दोनों को मजबूती मिलेगी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने कहा कि भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू होने के बाद वैज्ञानिक साक्ष्यों का महत्व और बढ़ गया है। रायगढ़ में क्षेत्रीय एफएसएल की स्थापना आधुनिक और तकनीक आधारित पुलिसिंग की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे जांच की गुणवत्ता, पारदर्शिता और गति में उल्लेखनीय सुधार आएगा।

## डोरी बीनने गए ग्रामीण को दंतैल हाथी ने उठाकर पटका, हालत गंभीर



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

**धरमजयगढ़ वनमंडल के छाल रेंज के डोंगाभौंना गांव की घटना**

धरमजयगढ़ वनमंडल क्षेत्र में एक बार फिर मानव-हाथी संघर्ष की घटना सामने आई है। गुरुवार सुबह जंगल में डोरी और अन्य वन उपज संग्रह करने गए एक ग्रामीण पर दंतैल हाथी ने हमला कर दिया। घटना में ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे वन विभाग और हाथी मित्र दल की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया।

जानकारी के अनुसार छाल रेंज अंतर्गत डोंगाभौंना गांव निवासी बलदेव राठिया 45 वर्ष सुबह अपने कुछ साथियों के साथ राजा कूप जंगल गया था। ग्रामीण जंगल से डोरी और आम संग्रह करने के बाद पास के एक तालाब में दातून कर रहा था। इसी दौरान पीछे की ओर से एक दंतैल हाथी वहां पहुंच गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हाथी को देखकर आसपास मौजूद लोगों ने बलदेव को सतर्क करने की कोशिश की और जोर-जोर से आवाज लगाई, लेकिन सुनने में परेशानी होने के कारण वह चेतावनी नहीं सुन सका। देखते ही देखते हाथी उसके करीब पहुंचा और उसे सूंड से उठाकर पटक दिया। घटना के बाद मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने शोर मचाकर किसी तरह हाथी को वहां से भगाया। हमले में बलदेव को गंभीर अंदरूनी चोटें आई हैं। सूचना मिलने पर हाथी मित्र दल और वन विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और घायल को प्राथमिक उपचार के लिए छाल अस्पताल ले जाया गया। वहां से बेहतर इलाज के लिए उसे रायगढ़ मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया। वन विभाग ने नियमानुसार तत्काल सहायता राशि प्रदान करते हुए परिजनों को घटना की जानकारी दी है। साथ ही आगे की राहत और मुआवजा प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उल्लेखनीय है कि छाल और धरमजयगढ़ क्षेत्र के कई गांवों के आसपास इन दिनों हाथियों की सक्रिय मौजूदगी बनी हुई है। इसे देखते हुए हाथी मित्र दल और वन विभाग लगातार गांवों में मुनादी कर लोगों को जंगल जाने से बचने तथा सतर्कता बरतने की सलाह दे रहे हैं। इसके बावजूद वन उपज संग्रह और दैनिक जरूरतों के कारण ग्रामीणों का जंगलों में आना-जाना जारी है, जिससे ऐसे हादसों का खतरा बना हुआ है।



बच्चो, अगर तुम शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहना चाहते हो तो तुम्हें नित्य योग करना होगा। इससे ना सिर्फ तुम्हारा दिमाग तेज होगा, मन भी शांत और प्रसन्न रहेगा। योग के और क्या-क्या फायदे हैं, जानो।

# नियमित करोगे योग हमेशा रहोगे निरोग

प्रेरणा
डॉ. मोनिका शर्मा

प्यारे बच्चो, हम सब फिट रहना चाहते हैं। बीमारियों के चंगुल से दूर रहना चाहते हैं। मतलब शारीरिक-मानसिक रूप से स्वस्थ रहना चाहते हैं। यह नियमित योग करने से ही संभव है। बच्चो, एक बात और, योग एक संपूर्ण जीवनशैली है। इसमें व्यायाम के साथ ही अच्छी फूड हैबिट्स और सही दिनचर्या भी जरूरी है। ऐसा करने से ही योग करने के अनेक लाभ तुमको मिल पाएंगे।



### फिट और एक्टिव रहोगे

बच्चो, नियमित योग करने से शारीरिक और मानसिक रूप से चुस्त-दुरुस्त रहने में बहुत मदद मिलती है। योग अभ्यास को अपने जीवन का हिस्सा बना लो तो तुम्हारे शरीर की फ्लेक्सिबिलिटी के साथ ही इम्युनिटी भी बढ़ेगी। योग से शरीर की मसल्स मजबूत बनती हैं। इसीलिए अपना मनपसंद खेल खेलते हुए तुम्हें थकान नहीं होगी। शारीरिक ताकत लगने वाली एक्टिविटीज करने में और आनंद आएगा। भारी बस्ता उठाने वाले कंधों में बल मिलेगा। योग अभ्यास करने से बॉडी का पोश्चर भी सही रहता है। स्कूल, ट्यूशन और घर में लंबे समय तक बैठकर पढ़ने या लैपटॉप पर काम करने से पोश्चर बिगड़ जाता है। खराब मुद्रा में बैठने, खड़े होने या लेटने से गर्दन, कंधे और बैक में पेन होने लगता है। ऐसे में रोजाना आधे घंटे भी योग को अपने रूटीन का हिस्सा बना लिया जाए तो बॉडी पोश्चर सही रखा जा सकता है।

### मन रहता है शांत

योग करने से मन भी बहुत शांत रहता है। मस्तिष्क में एक संयत सक्रियता बनी रहती है, जिससे एग्जाम का स्ट्रेस, होमवर्क की टेंशन और किसी प्रतियोगिता में पीछे रह जाने का डर भी नहीं घेरता। योगासनों का अभ्यास तुम्हें पूरी एकाग्रता से अपना काम करने का मानसिक बल देता है।

### बढ़ती है मेंटल स्ट्रेंथ

बच्चो, स्कूल की गतिविधियां हों या नियमित पढ़ाई। ट्यूशन के प्रोजेक्ट्स हों या क्लासरूम में मिला होमवर्क। ये सब कुछ करने के लिए मेंटल स्ट्रेंथ बहुत जरूरी है। तुम इस बात को खुद समझते हो कि बिना थके, बिना रुके, अपने रुटीन को फॉलो करना बहुत जरूरी है। मन की शक्ति से ही ऐसे हर फ्रंट पर अच्छे से परफॉर्म किया जा सकता है। योग करने से हमें यह सब करने का मानसिक बल भी मिलता है। योग से ही जुड़े प्राणायाम और मेडिटेशन के अभ्यास मन को शांत-सहज रखते हैं। किसी भी तरह के तनाव से दूर रखते हैं, जिससे अच्छी नींद आती है। चाइल्ड पोज (बालासन) नाम का आरामदायक आसन, हमारी नर्व्स को शांत कर थकान और एंग्जाइटी दूर करने में बहुत उपयोगी होता है। मस्तिष्क की कोशिकाओं को सक्रिय करने वाले योग आसनों से न केवल याददाश्त बढ़ती है, फोकस्ड रहने में भी मदद मिलती है।



### बनते हैं इमोशनली स्ट्रॉन्ग

बच्चो, क्या तुम्हें भी जल्दी गुस्सा आ जाता है? कोई मजाक बनाए तो रो पड़ते हो? थोड़ी देर के लिए भी अकेले रहने में घबराहट होती है? स्विमिंग, साइकिलिंग, स्केटिंग जैसी किसी नई स्किल को सीखने में डर लगता है? अगर ऐसा है तो योग को अपने रुटीन का हिस्सा बनाकर तुम इमोशनली स्ट्रॉन्ग बन सकते हो। बच्चो, इमोशनल बैलेंस से हमें किसी भी एक्टिविटी को करने में डर नहीं लगता। इमोशनली स्ट्रॉन्ग होने से हर काम को रचनात्मक ढंग से सीखने-समझने की अप्रोच आती है।

असल में योग एक सधी हुई टेक्निक-सी है। यह हमें ऊर्जावान, खुशहाल और सकारात्मक सोच का धनी बनाता है। साथ ही गुस्सा, ईर्ष्या, उदासी और डर जैसी नकारात्मक भावनाओं से भी बचाती है। *

## योग अपनाएं!

कविता / घमंडीलाल अग्रवाल



जीवन में हो योग योग का,
मिट जाएगा नाम रोग का।
अद्भुत शांति योग से मिलती,
खुशियाली की बगिया खिलती।

घोर तनाव सदा घटता है,
और लचीलापन बढ़ता है।
प्रतिरोधक क्षमता यह देता,
विकृतियों को हर लेता।
मन-शरीर दोनों को जोड़े,
गलतफहमियां सारी तोड़े।
नियमित जब अभ्यास करेंगे,
तन में ऊर्जा नई भरेंगे।
ठीक देर तक कभी न सोना,
समय योग का तुम मत खोना।
सुंदर अपना स्वास्थ्य बनाएं,
बच्चो, चलो योग अपनाएं।

फीलिंग्स

# लव यू पापा!

हमारे पापा हमें बहुत प्यार करते हैं। वे हर कदम पर हमारा हौसला बढ़ाते हैं, हमें मोटिवेट और इंस्पायर करते हैं। उनके साथ बिताए गए पल स्पेशल-मेमोरेबल हो जाते हैं। फादर्स-डे के अवसर पर टीवी के दो चाइल्ड आर्टिस्ट्स अपने पापा के साथ की स्पेशल मेमोरीज, उनकी सीख **बालभूमि** के साथ शेयर कर रहे हैं। यह भी बता रहे हैं, इस फादर्स-डे पर उनकी क्या खास प्लानिंग्स हैं।

## मेरे लिए पापा से बेहतर कोई नहीं : अथर खान



सोनी सब चैनल पर हाल ही में शुरू हुए पौराणिक धारावाहिक 'हस्तिनापुर के वीर' में अथर खान किशोर युधिष्ठिर की भूमिका निभा रहा है। इस किरदार में वह दर्शकों को खूब पसंद आ रहा है। फादर्स-डे के खास मौके पर अथर अपने पिता से जुड़ी कुछ खूबसूरत यादों के बारे में बताता है, 'वैसे तो मेरे लिए पापा के साथ बिताया हुआ हर पल खास होता है। मेरी सबसे प्यारी यादों में से एक पल वह है, जब मेरी एक बर्थ-डे पर पापा के साथ मैंने जमकर डांस किया था। हमारे रिलेटिव्स और फ्रेंड्स ने हमें चीयर किया था। मेरे लिए मेरे पापा से बेहतर कोई और नहीं हो सकता।' अपने पापा की कही कुछ बातें अथर के लिए लाइफ लेसंस की तरह हैं, ये बातें कौन-सी हैं, वह बताता है, 'पापा ने मुझे दो बहुत जरूरी बातें सिखाई हैं। पहली, अपना काम हमेशा दिल और मेहनत से करो। साथ ही काम में एक ईमानदारी भी हो। पापा की दूसरी सीख यह है कि जिंदगी में सफलता के बाद कभी घमंड नहीं करो। घमंड में आकर इंसान नीचे आना शुरू कर देता है।' फादर्स-डे के लिए अथर का क्या स्पेशल प्लान है, वह बताता है, 'इस दिन मैं पापा के साथ पूरा डे-आउट प्लान करूंगा। उनके साथ घूमूंगा, लंच और डिनर भी करूंगा।' फादर्स-डे के मौके पर अथर का अपने पापा के लिए क्या मैसेज है, वह बताता है, 'पापा, मेरे लिए आप बहुत मेहनत करते हैं। हमेशा मेरा हौसला बढ़ाते हैं। पढ़ाई हो, शूटिंग हो या फिर कुछ और, हर परिस्थिति में मेरा साथ देते हैं। लव यू पापा! हैप्पी फादर्स-डे!' *

## इंस्पायर करती हैं पापा की बातें : हरिति जोशी



सन नियो चैनल के शो 'दिव्य प्रेमः प्यार और रहस्य की कहानी' में तारा के किरदार में हरिति जोशी ने दर्शकों का दिल जीत रखा है। अपने पापा से जुड़ी स्पेशल मेमोरी शेयर करते हुए वह बताती है, 'एक बार मैं अपने पापा और पूरी फैमिली के साथ घूमने गई थी। उस दिन हमने साथ में गेम्स खेले, खूब मस्ती की। बहुत सारी तस्वीरें खिंचवाईं और अपनी पसंदीदा चीजें भी खाईं। हम सबने मिलकर इतना अच्छा टाइम स्पेंड किया कि वह दिन मेरी सबसे खूबसूरत यादों में शामिल हो गया।' हरिति को अपने पापा की कही बातें बहुत इंस्पायर करती हैं, वह बताती है, 'मेरे पापा कहते हैं, अपने काम हमेशा मेहनत और ईमानदारी से करना चाहिए। मेहनत और ईमानदारी से किया गया काम कभी बेकार नहीं जाता।' फादर्स-डे के लिए हरिति ने क्या कुछ स्पेशल प्लान किया है, वह बताती है, 'इस बार फादर्स-डे पर मैं अपने पापा के लिए हाथ से बनाया हुआ एक सुंदर-सा कार्ड और एक छोटा-सा गिफ्ट दूंगी। मैं उनके साथ पूरा दिन स्पेंड करूंगी ताकि उन्हें महसूस हो कि वे मेरे लिए कितने स्पेशल हैं।' फादर्स-डे पर हरिति का अपने पापा के लिए स्पेशल मैसेज है, 'पापा, आप मेरे सबसे बड़े हीरो हैं। आप हमेशा मेरा साथ देते हैं, मुझे हिम्मत देते हैं। मेरे हर सपनों पर फेथ करते हैं। इससे मुझे आगे बढ़ने की ताकत मिलती है। हैप्पी फादर्स-डे, पापा! आई लव यू!' *

प्रस्तुति : बालभूमि

तुम्हारे लिए नई किताब / सुरेंद्र विक्रम

## पर्यावरण संरक्षण की सीख देती रोचक कहानियां



बच्चो, तुम्हारे लिए मजेदार शीर्षक वाली एक नई किताब आई है-'जंगल गाने लगा।' इस किताब में तुम्हारे लिए चार बड़ी रोचक कहानियां हैं। शीर्षक कहानी में हाथियों के आतंक से गांव वाले बहुत परेशान थे। एक दिन गांव वालों ने आपस में मिलकर तय किया कि वे रात में जागकर हाथियों को भगाने के लिए ढोल बजाएंगे और पटाखे छोड़ेंगे। उनकी तरकीब काम आई। हाथियों ने गांव में आना बंद कर दिया। इस तरह गांव वाले खुश थे। उन्हें लगने लगा जैसे कि पूरा जंगल गा रहा है, वे एकजुट होकर नाच रहे हैं। दूसरी कहानी 'हरियाली और खुशहाली' में दो भाइयों मोहन और सोहन ने मिलकर गांव में पहले तालाब खोदा फिर गांव के बुजुर्गों की सलाह और अन्य लोगों की मदद से पूरे गांव की तस्वीर ही बदल दी। अब गांव में हरियाली और खुशहाली दोनों एकसाथ दिखाई देने लगी। तीसरी कहानी 'बरगद की मौत' में बताया गया है कि शुद्ध पर्यावरण के लिए पेड़ों को न केवल लगाना जरूरी है, उनकी देखभाल करना भी जरूरी है ताकि वे बचे रहें। असल में गांव वालों की लापरवाही से हरा-भरा बरगद का पेड़ कटकर गिर गया था। इस घटना से गांव के बच्चों का मन बहुत आहत हुआ। उन्होंने मिलकर संकल्प लिया कि वे गांव में अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाकर उसे हरा-भरा बनाएंगे। अंतिम कहानी 'पेड़ों से श्रृंगार' भी पर्यावरण संरक्षण पर आधारित है। कहानी कहती है कि अगर धरती पर पेड़ रहेंगे, तो न केवल हम स्वस्थ- सुरक्षित रहेंगे, हमारी अगली पीढ़ी को भी इसका लाभ मिलेगा। जानवरों पर केंद्रित मुखपृष्ठ तो इतना आकर्षक है कि किताब देखते ही इसे उठाकर पढ़ने का मन करता है। *

**किताब:** जंगल गाने लगा (बालकथा संग्रह), **लेखक:** अंकुश्री
**मूल्य:** 125 रुपए, **प्रकाशक:** साहित्यांजलि प्रकाशन, प्रयागराज

## जीके क्विज-210

1. देश के अगले आर्मी चीफ कौन होंगे?
2. 23वें फीफा वर्ल्ड कप 2026 का उद्घाटन कहां किया गया?
3. हाल में पीएम नरेंद्र मोदी को किस देश ने अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया?
4. भारतीय सेना में सर्वोच्च वीरता पुरस्कार कौन-सा है?
5. इसरो का मुख्यालय कहां स्थित है?
6. ताजमहल का निर्माण किस मुगल शासक ने करवाया था?
7. विश्व का सबसे छोटा महासागर कौन-सा है?
8. विद्युत धारा का एसआई मात्रक क्या है?
9. भारत का पहला सुपर कंप्यूटर कौन-सा था?
10. हॉकी में एक टीम में कितने खिलाड़ी होते हैं?



बच्चो, जीके क्विज-210 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-209 का उत्तर :** 1.आर. प्रज्ञानंदा, 2.डी.के. शिवकुमार, 3.ऑस्ट्रेलिया और मलेशिया, 4.योगासन, 5.अश्विनी वैष्णव, 6.हाइड्रोजन, 7.कर्जन, 8.टोकोफेरॉल, 9.ग्यानिमिड, 10.21 जून

**जीके क्विज-209 का सही उत्तर देने वाले :** डिंपल-गरियाबंद, कबीर-हिसार, साहिल-ईमेल से, हरि कृष्ण-लुधियाना, कमल-रायपुर, सुदीप-बिलासपुर, प्रिया-बलौदा बाजार, सुमंत-महासमुंद, जिया-दुर्ग, किशन-रोहतक, संचिता-भोपाल

कहानी
हरीश कुमार 'अमित'

जरा-सी तबीयत बिगड़ी नहीं कि वैभव स्कूल जाना बंद कर देता। वह छोटी-छोटी तकलीफों को बहुत बड़ी तकलीफ मान लेता था। लेकिन एक दिन जब उसने देखा, पापा के हाथ में फ्रैक्चर होने पर भी उन्होंने अपने काम बंद नहीं किए, बोले, 'शो मस्ट गो ऑन!' वैभव को यह बात कितनी समझ में आई, क्या उसमें कोई बदलाव आया?

# पापा ने कहा शो मस्ट गो ऑन!



वैभव पिछले दो दिनों से स्कूल नहीं जा रहा था, क्योंकि उसके दांत में दर्द था। हालांकि दर्द हल्का ही था, बहुत तेज नहीं था, लेकिन जब मम्मी ने दांत पर लौंग का तेल लगा दिया तो दर्द और कम हो गया था, लेकिन वैभव की आदत थी कि वह ऐसी छोटी-मोटी तकलीफों को भी बहुत बड़ी समस्या मान लेता था। अब दांत के इसी दर्द के कारण वह न सिर्फ स्कूल से छुट्टी पर था, बल्कि शाम को दोस्तों के साथ क्रिकेट खेलने भी नहीं जा रहा था।

वैभव को कभी हल्का-सा बुखार हो जाता या छोटी-मोटी चोट लग जाती या फिर हल्का-सा पेटदर्द हो जाता, वह स्कूल जाना और दोस्तों के साथ खेलना बंद कर देता था। सारा दिन बीमारों की तरह बिस्तर पर ही पड़ा रहता था। मम्मी-पापा उसे बहुत समझाते कि इस तरह की छोटी-मोटी तकलीफों को इतना बड़ा समझना ठीक नहीं है, मगर उनकी इन बातों का उस पर कोई असर नहीं होता था।

शाम को वैभव बिस्तर पर लेटकर टीवी देख रहा था, तभी पापा अपनी दुकान बंद करके घर वापस आए। उसके पापा संगमरमर की मूर्तियों का व्यापार करते थे। वैभव ने देखा कि उनकी दाईं कलाई पर प्लास्टर लगा हुआ है। मम्मी के पूछने पर पापा ने बताया, 'दोपहर को दुकान के शेल्फ में रखते वक्त एक बड़ी मूर्ति मेरी दाईं बांह पर गिर गई थी। खून तो नहीं निकला, लेकिन चोट के कारण कलाई में बहुत तेज दर्द होने लगा, मुझे डॉक्टर के पास जाना पड़ा। डॉक्टर ने मुआयना करके एक्स-रे करवाया तो पता चला कि मेरी दाईं कलाई में हल्का-सा फ्रैक्चर हो गया है। इसलिए डॉक्टर ने मेरी कलाई पर चार हफ्ते के लिए प्लास्टर लगा दिया है।' यह सब जानकर वैभव ने पूछा, 'पापा, अब तो चार हफ्ते तक दुकान बंद रहेगी न!'

'बंद क्यों रहेगी दुकान?' पापा हैरानी से बोले।

'क्योंकि, आप चार हफ्ते तक दुकान पर जा नहीं सकेंगे न।' वैभव बोला।

उसकी बात सुनकर पापा ने जानना चाहा, 'यह तुमसे किसने कहा कि मैं अगले चार हफ्ते तक दुकान पर नहीं जा पाऊंगा?'

'आपको चोट जो लगी है न पापा, आपको प्लास्टर भी लगा हुआ है।' वैभव ने जवाब दिया।

'ठीक है बेटा, चोट लगी है और प्लास्टर भी लगा है, लेकिन इसका मतलब यह तो नहीं कि मैं चार हफ्ते के लिए दुकान बंद करके घर पर बैठ जाऊं।' पापा धीरज के साथ बोले।

'लेकिन पापा, फिर आप ठीक कैसे होंगे?' वैभव को पापा की बात समझ में नहीं आ रही थी।

'बेटा, डॉक्टर ने मुझे पूरे चार हफ्ते के लिए बिस्तर पर आराम करने के लिए थोड़ी न कहा है! बांह पर लगे प्लास्टर का ध्यान रखते हुए मैं सब काम करता रहूंगा। दुकान पर भी जाऊंगा। हां, अगर किसी से थोड़ी-बहुत मदद लेनी पड़ी तो जरूर लूंगा। बेटा, चाहे कैसी भी रुकावटें हों, कोई काम नहीं रुकना चाहिए। शो मस्ट गो ऑन!' पापा मुस्कराते हुए बोले।

थोड़ी देर बाद वैभव ने देखा कि पापा ने बाएं हाथ से अपने जूते उतारे और मुंह-हाथ धोकर कपड़े बदले। फिर टीवी का रिमोट उठाकर कुर्सी पर बैठ गए और बाएं हाथ से टीवी के चैनल बदलने लगे। मम्मी पानी का गिलास लेकर आईं तो उन्होंने बाएं हाथ से गिलास ले लिया। फिर थोड़ी देर बाद चाय के मग को भी बाएं हाथ से पकड़ा। रात का खाना भी उन्होंने उसी हाथ से खाया। पापा को अपना बायां हाथ इस्तेमाल करते हुए देख वैभव यही सोच रहा था कि दाईं कलाई पर चोट लगी होने के कारण पापा बाएं हाथ का प्रयोग कर रहे हैं।

अगली सुबह पापा को दुकान पर जाने के लिए तैयारी करते देख वैभव बिस्तर से उतरा और रसोई में काम कर रहीं मम्मी के पास जाकर बोला, 'मम्मी, मेरा स्कूल का टिफिन भी तैयार कर देना, मैं स्कूल जाऊंगा।'

'लेकिन तुम्हारे दांत का दर्द अब ठीक है क्या?' मम्मी को मालूम था कि ऐसी कोई छोटी-मोटी तकलीफ होने पर वैभव तीन-चार दिनों तक स्कूल नहीं जाता था।

'मम्मी, दर्द तो हल्का-सा है अभी, लेकिन मुझे पापा ने बहुत बड़ी सीख दे दी है। पापा बांह में फ्रैक्चर होने पर भी सभी काम कर रहे हैं, दुकान पर भी जा रहे हैं, तो फिर मैं इस हल्के-से दांत दर्द की वजह से क्यों घर बैठा रहूं? मुझे समझ आ गया है- शो मस्ट गो ऑन!'

बाहर वॉश बेसिन के सामने बाएं हाथ से दाढ़ी बनाते हुए पापा ने वैभव के मुंह से यह सब सुना तो मुस्कुरा पड़े। *



कविता
सिराज अहमद

## मैं पापा की जान

पापा मेरे सच्चे साथी
मैं पापा की जान।
कभी-कभी गुस्सा करते हैं
जब गलती हो जाए
लेकिन अगले पल हंसकर
मुझको गले लगाएं
चीजें मुझे दिलाएं सारी
ले जाकर दुकान।
उनके कंधों पर मैं बैठूं
जब भी मेले जाऊं
दुनिया देखूं, ऐसी खुशियां
और कहीं न पाऊं
पापा अकसर कहते मुझसे
मैं उनकी पहचान।
मेहनत और मशक्कत से वह
बिल्कुल न घबराते
कभी टेंशन में रहते भी
हमको नहीं बताते
प्यारे पापा आप हमारे
इस घर की हैं शान।

## रंग भरो-204

**रंग भरो-204** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





दिव्या, बिलासपुर



आयांश, दुर्ग



पलक, अटेली मंडी



नंदिनी, उमरिया



साक्षी, रायपुर



सिद्धि, राजनांदगांव

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

वर्णिका-खैरागढ़, दिशा-बिलासपुर, श्रेया-दुर्ग, सचिन-रोहतक, रोहित-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, डॉली-दुर्ग, दीपक-जांजगीर, सौम्या-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, कुणाल-करनाल, प्रिया-कोरबा

## रंग भरो 205



बच्चो, यहां दिए गए ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में हर्ष और खुशी अपने पापा को फादर्स-डे के मौके पर गिफ्ट दे रहे हैं। इस प्यारे-से चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

**खबर संक्षेप**

## जशपुर में राज्य महिला आयोग की सुनवाई 22 को

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सुनवाई अब जिले में होगी। महिला एवं बाल विकास जशपुर से प्राप्त जानकारी अनुसार यह सुनवाई 22 जून को सुबह 11 बजे कलेक्ट्रेट सभा कक्ष जशपुर में आयोजित की जाएगी। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष किरण मयी नायक एवं सदस्य प्रियम्वदा सिंह जूदेव की उपस्थिति में जशपुर जिले से प्राप्त शिकायती प्रकरणों की सुनवाई की जाएगी। सुनवाई में संबंधित पक्षकारों का प्रकरणों के निराकरण तक उपस्थित रहना अनिवार्य होगा।

## जिले की सभी जनपद पंचायतों में प्लेसमेंट कैंप 22 से

**जशपुरनगर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र जशपुर द्वारा 22 जून से 3 जुलाई तक जिले के सभी जनपद पंचायतों में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस कैंप में एसआईएस लिमिटेड जशपुर द्वारा कुल 596 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। कैंप प्रतिदिन प्रातः 11,00 बजे से संबंधित जनपद पंचायत में आयोजित होगा। जिला रोजगार अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि एसआईएस लिमिटेड जशपुर में सुरक्षा गार्ड के पुरुषों के 396 पद, पर्यवेक्षक के 100 पद, एसआईएस एसएलवी के 50 पद एवं सुरक्षा अधिकारी के 50 पदों पर रिक्तियां प्राप्त हुई हैं। सुरक्षा गार्ड व एसआईएस एसएलवी हेतु 10 वीं व 10 वीं फेल, पर्यवेक्षक हेतु 12 वीं उत्तीर्ण तथा सुरक्षा अधिकारी हेतु स्नातक योग्यता निर्धारित है। कैंप का आयोजन तिथिवार किया गया है इनमें 22 जून 2026 को बगीचा, 23 जून 2026 को पत्थलगांव, 24 जून 2026 को कांसाबेल, 25 जून 2026 को फरसाबहार, 26 जून 2026 को कुनकुरी, 27 जून 2026 को नारायणपुर, 29 जून 2026 को दुलदुला, 30 जून 2026 को मनोरा, 01 जुलाई 2026 को सन्ना, 02 जुलाई 2026 को जशपुर एवं 03 जुलाई 2026 लाइवलीहुड कॉलेज में कैंप लगाया जाएगा।

## सरिता बनीं पर्यावरण सारथी स्टार कैंपेनर




**जशपुरनगर।** भीषण गर्मी में इन्सान के साथ पशु पक्षी भी जल ,भोजन एवं आवास के लिए संघर्ष करते हैं ऐसे समय में राज्यपाल से पुरस्कृत, समाजसेवी लेखिका एवं शिक्षिका सरिता नायक ने मानवता व प्रकृति प्रेम पर्यावरण के संरक्षण हेतु एक मिसाल पेश करते हुए पक्षियों हेतु दाने एवं पानी के व्यवस्था की सराहनीय पहल की। उनके इस प्रेरणा दायी कार्य को देखते हुए उन्हें मैं हूं पक्षी मित्र राष्ट्रीय बर्ड फीडर अभियान 2026 के अंतर्गत सम्मानित किया गया। उन्होंने इस अभियान में अपने परिवार, परिचित शिक्षकों उनके विद्यालय के छात्रों युवा वर्ग ग्रामीण जन वरिष्ठ नागरिकों को जोड़ा। उसके पश्चात अन्य जिलों रायपुर ,बिलासपुर कोरबा बलरामपुर अम्बिकापुर सूरजपुर के लोगों को भी जोड़कर एक मिसाल पेश की जिसके लिए उन्हें मैं हूं पक्षी मित्र राष्ट्रीय बर्डफीडर अभियान 2026 के तहत पर्यावरण सारथी स्टार कैंपेनर से सम्मानित किया गया यह राष्ट्रीय स्तर का सम्मान है।

## मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना से दूरस्थ गांवों को मिली नई रफ्तार

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना 2025 के तहत जिले में ग्रामीण क्षेत्रों को बेहतर परिवहन सुविधा से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। योजना अंतर्गत जिले में कुल 11 बसों का संचालन किया जा रहा है। जिससे दूरस्थ गांवों में रहने वाले लोगों को अब सुगम, सुरक्षित और किफायती आवागमन की सुविधा मिल रही है। जिला परिवहन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, ये बसें जिले के विभिन्न प्रमुख मार्गों पर संचालित हो रही हैं। इनमें कैलाशगुफा से बगीचा, सन्ना से चम्पा, कोतबा से बुलडेगा, तेलाईन से फरसाबहार, रनपुर से कांसाबेल, दोकड़ा से दुलदुला, जशपुर से हर्री , जशपुर से बिचीटोली, जूनाडीह से बासनतला, पत्थलगांव से नारायणपुर तथा दुलदुला से अबिरा जैसे महत्वपूर्ण रूट शामिल हैं।

### कलेक्टर ने सुविधाओं के विस्तार की रूपरेखा बनाने की चर्चा

# खुड़िया रानी मंदिर क्षेत्र को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर





विकासखंड बगीचा, ग्राम छिछली में स्थित खुड़ियि रानी मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र के सौंदर्यीकरण और एक बेहतर पर्यटन क्षेत्र के तौर पर विकसित करने हेतु एक व्यापक रूपरेखा बनाने कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने बुधवार को खुड़ियि रानी सेवा समिति, जनप्रतिनिधियों एवं ग्राम के प्रबुद्धजनों के साथ बैठक कर क्षेत्र के समग्र विकास एवं सौंदर्यीकरण के लिए विस्तृत चर्चा की। कलेक्टर ने इस क्षेत्र के विकास के लिए मूलभूत चीजों और यहां पर विकसित किए जा सकने वाले आवश्यकताओं के बारे में पूछा।

कलेक्टर श्री व्यास ने उपस्थित लोगों से क्षेत्र में उपलब्ध सुविधाओं, आवश्यक मूलभूत संरचनाओं तथा पर्यटन विकास की संभावनाओं के संबंध में सुझाव प्राप्त किए। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार खुड़ियि रानी क्षेत्र में श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों के लिए आवश्यक सुविधाओं का विस्तार करते हुए सौंदर्यीकरण कार्य किया जाएगा, जिससे यह क्षेत्र एक प्रमुख पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित हो सके। इस दौरान वहां जिला पंचायत सदस्य गेंद बिहारी सिंह, सरपंच मानमती बाई, खुड़ियि रानी सेवा समिति के अध्यक्ष चंद्रदेव यादव, जनप्रतिनिधि जयशंकर यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि और गांव के प्रबुद्धजन मौजूद रहे।

बैठक में जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने क्षेत्र में बिजली एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था, सड़क किनारे वृक्षारोपण, आकर्षक स्वागत द्वार निर्माण, मार्केट शेड, पार्किंग सुविधा, पर्याप्त शौचालय निर्माण तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं के विकास की आवश्यकता बताई। इसके साथ ही सरहा पानी नाला एवं आसपास के क्षेत्रों में नियमित साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने का सुझाव भी दिया गया। कलेक्टर ने स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत ग्रामसभा में प्रस्ताव पारित कर स्व-सहायता समूहों के माध्यम से नियमित साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सफाई व्यवस्था को सतत एवं प्रभावी बनाए रखने के लिए यूजर चार्ज भी लिया जाए, जिससे क्षेत्र स्वच्छ, सुंदर एवं पर्यटकों के लिए आकर्षक बना रहे। उल्लेखनीय है कि खुड़ियि रानी मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण हेतु पूर्व में 25 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। इस राशि से मार्केट शेड, चबूतरा तथा सीसी अप्रोच रोड का निर्माण कराया जाएगा।

### कलेक्टर छात्रावास का किया निरीक्षण

नए शैक्षणिक सत्र के प्रारंभ होते ही विद्यालयों में अध्ययन-अध्यापन की गुणवत्ता, विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति तथा शैक्षणिक व्यवस्थाओं का आकलन कर उनमें और अधिक सुधार एवं कसावट लाने के उद्देश्य से कलेक्टर रोहित व्यास ने विभिन्न विद्यालयों एवं छात्रावासों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शिक्षण व्यवस्था, विद्यार्थियों की उपस्थिति, मूलभूत सुविधाओं एवं छात्रावास संचालन की व्यवस्थाओं का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसी क्रम में कलेक्टर श्री व्यास ने बुधवार को प्री-मैट्रिक कन्या छात्रावास रौनी, विकासखंड बगीचा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्रावास में प्रदर्शित सूचना बोर्ड पर सामान्य ज्ञान एवं समसामयिक जानकारी के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार के प्रमुख संवैधानिक एवं प्रशासनिक पदों पर आसीन व्यक्तियों के नाम अंकित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने छात्रावास परिसर का निरीक्षण करते हुए जिन स्थानों पर पंखों की व्यवस्था नहीं है, वहां शीघ्र पंखे लगाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने बिजली के अव्यवस्थित एवं खुले तारों को तत्काल व्यवस्थित कराने को कहा, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना की संभावना को रोका जा सके। निरीक्षण के दौरान नायब तहसीलदार तोष कुमार सिंह, विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुदर्शन पटेल, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विनोद सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।


### कलेक्टर ने खुड़िया रानी मंदिर के दर्शन कर लिया आशीर्वाद

जिला पंचायत सदस्य श्री गेंद बिहारी सिंह और कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने लगभग 450 सीढ़ियां उतरकर विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा की कुलदेवी खुड़ियि रानी मंदिर जाकर माता के दर्शन किए और आशीर्वाद लिया। उन्होंने लगभग 100 मीटर लंबी एक गहरी और अंधेरी पहाड़ी गुफा में चलकर माता के दर्शन किए। गुफा के भीतर वर्षभर बहने वाली प्राकृतिक जलधारा इसकी विशेष पहचान है। मंदिर परिसर एवं आसपास का मनोरम प्राकृतिक वातावरण, हरे-भरे पहाड़ और प्राकृतिक सौंदर्य श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को विशेष रूप से आकर्षित करता है।



## मोबाइल टॉवर पर चढ़ी नाबालिग तीन घंटे तक चला हाइवोल्टेज ड्रामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



जिले के तुमला थाना क्षेत्र के गंजियाडीह गांव में बुधवार को एक नाबालिग बालिका के मोबाइल टॉवर पर चढ़कर तीन घंटे तक हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला। घंटों के अथक प्रयास के बाद बालिका को टावर से उतारा गया। बताया जा रहा है कि बालिका अपने कथित प्रेमी की शादी से नाराज होकर टॉवर पर चढ़ी थी।

ग्रामीणों ने बालिका को टॉवर पर देखा तो तत्काल डायल 112 और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय ग्रामीणों की मदद से बालिका को सुरक्षित नीचे उतार लिया गया है। बालिका करीब तीन घंटे तक टॉवर पर चढ़ी रही, जिसके कारण मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। मिली जानकारी के अनुसार युवती कोल्हनझरिया गांव की निवासी बताई जा रही है। पुलिस और ग्रामीण लगातार बातचीत कर उसे समझाने का प्रयास करते रहे। अंततः उसे उतारने में सफल हुए।

### दी जा रही समझाइश

मामले की सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों के सहयोग से नाबालिग बालिका को सुरक्षित नीचे उतारकर समझाइश दी जा रही है। मामले की जांच की जा रही है।

-ध्रुवेश जायसवाल, एसडीओपी, पत्थलगांव।

## पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के लिए ई-केवाईसी प्रक्रिया शुरू

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के हितों की सुरक्षा, पारदर्शिता सुनिश्चित करने तथा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के उद्देश्य से आधार आधारित ई-केवाईसी प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। इसके तहत सभी पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के पंजीयन अभिलेखों का आधार कार्ड में दर्ज जानकारी से मिलान कर आवश्यक संशोधन एवं अद्यतन किए जाएंगे। यह विशेष अभियान 30 जून तक संचालित किया जाएगा।

## बिजली में राहत, विकास में निरंतरता : यही है साय सरकार की प्रतिबद्धता, कांग्रेस कर रही गुमराह

**रायगढ़।** भाजपा महामंत्री विकास केडिया ने कहा कि बिजली बिल में किए गए मामूली बदलाव को लेकर कांग्रेस का विरोध केवल भ्रम फैलाने और जनता को गुमराह करने की राजनीति है। सच्चाई यह है कि वादाखिलाफी करने वाली कांग्रेस ने वादा तो कियाए पर उसका भुगतान नहीं किया।



साय सरकार वादा भी निभा रही है और प्रदेश को राहत भी दे रही है। केडिया ने बताया कि साय सरकार के सारथी वित्त मंत्री ओपी चौधरी के कुशल वित्तीय प्रबंधन का नतीजा है कि भूपेश सरकार के कार्यकाल में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड को 2174 करोड़ की सब्सिडी का बकाया कर्ज चुकाया। वादा करके भी कांग्रेस सरकार ने बिजली कंपनी को पैसा नहीं दिया, जिससे प्रदेश की बिजली व्यवस्था पर वित्तीय बोझ बढ़ा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली डबल इंजन सरकार ने न केवल कांग्रेस का यह बकाया 2174 करोड़ चुकाया, बल्कि यह भी सुनिश्चित किया कि आम जनता को बिजली सेवाओं का लाभ बिना किसी बाधा के मिलता रहे। साय सरकार पुराना कर्ज चुका रही है, कोई नया कर्ज नहीं ले रही है। कांग्रेस ने वादे किए, साय सरकार ने जिम्मेदारी निभाई। यही दोनों सरकारों के कामकाज का मूल अंतर है। बिजली में राहत, विकास में निरंतरता हेतु साय सरकार के आंकड़े बताए हुए केडिया ने कहा कि साय सरकार ने बिजली में आम जनता को सीधी राहत दी है। जिसके तहत 14.5 लाख परिवारों को 30 यूनिट तक मुफ्त बिजली दी जा रही है। गरीब और सीमित खपत वाले परिवारों पर बिल का बोझ शून्य है। 26.5 लाख परिवारों को 50 प्रतिशत तक छूट मिल रही है। मध्यम वर्गीय परिवारों को आधी बिजली पर आधी लागत देनी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि नए टैरिफ बदलाव से मध्यम वर्गीय उपभोक्ता और गरीब उपभोक्ता प्रभावित नहीं हैं। बिजली का अधिक उपयोग करने वाले उपभोक्ताओं पर ही मामूली समायोजन हुआ है। कांग्रेस बिना तथ्य समझे विरोध कर रही है।

### कांग्रेस ने खोया विश्वास

केडिया ने कहा कि घोटाले करने वाली भूपेश सरकार न केवल सत्ता में रहते जनता का विश्वास खो चुकी थी, बल्कि विपक्ष में आकर भी झूठ और भ्रम फैलाकर अपनी विश्वसनीयता और गिरा रही है। भाजपा प्रदेश में पारदर्शी शासनए वित्तीय अनुशासन और आमजन को निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए प्रतिबद्ध है। बिजली में राहत, विकास में निरंतरता यही साय सरकार की प्रतिबद्धता है।

## मेडिकल कॉलेज रायगढ़ में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार को मिली नई गति

**रायगढ़।** स्वर्गीय लखीराम अग्रवाल स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, रायगढ़ में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़, आधुनिक तथा जनोन्मुखी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। छत्तीसगढ़ आरोग्य चिकित्सा शिक्षण एवं अनुसंधान समिति की प्रबंधकारिणी स्वशासी समिति की बैठक आज संभागायुक्त एवं समिति के अध्यक्ष सुनील जैन की अध्यक्षता में मेडिकल कॉलेज परिसर स्थित कॉलेज काउंसिल हॉल में संपन्न हुई।



बैठक में कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, अधिष्ठाता डॉ. संतोष कुमार, संयुक्त संचालक सह चिकित्सा अधीक्षक डॉ. दुर्गा शंकर पटेल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, विभागाध्यक्ष एवं समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

बैठक के प्रारंभ में अधिष्ठाता डॉ. संतोष कुमार ने 3 मई 2026 को आयोजित साधारण सभा की बैठक में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल द्वारा दिए गए निर्देशों एवं निर्णयों की जानकारी प्रस्तुत की। साथ ही पूर्व प्रबंधकारिणी समिति की बैठक के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा करते हुए वित्तीय वर्ष 2025-26 के आय-व्यय एवं बचत की विस्तृत जानकारी सदस्यों के समक्ष रखी गई। बैठक में मरीजों को आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अनेक महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा कर स्वीकृति प्रदान की गई। स्वशासी मद से लगभग 47 लाख रुपये की लागत से विभिन्न अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरणों की खरीद को मंजूरी दी गई। इनमें पोर्टेबल एक्स-रे मशीन, एबीजी मशीन, डिजिटल रेडियोग्राफी (डीआर) सिस्टम, त्वचा रोगों के उपचार हेतु पुवा चैम्बर, नवजात शिशुओं में पीलिया की जांच के लिए ट्रांसक्यूटेनियस बिलीरुबिनोमीटर, ऑर्थोपेडिक बैटरी ऑपरेटेड ड्रिल मशीन, हार्मोनल जांच मशीन तथा डेंटल चेयर जैसे उपकरण शामिल हैं। इन उपकरणों की उपलब्धता से मरीजों को स्थानीय स्तर पर ही उच्च स्तरीय जांच एवं उपचार सुविधाएं प्राप्त होंगी। इससे न केवल उपचार की गुणवत्ता में सुधार आएगा, बल्कि गंभीर मरीजों को अन्य शहरों में रेफर करने की आवश्यकता भी कम होगी। बैठक में अस्पताल संचालन को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक मानव संसाधन की उपलब्धता पर भी विशेष जोर दिया गया। इस दौरान रेडियोग्राफर, ईसीजी टेक्नीशियन, पम्प अटेंडेंट, पैकर एवं धोबी सहित विभिन्न आवश्यक पदों पर कलेक्टर दर के अनुसार भर्ती किए जाने तथा उनके दैनिक वेतन का भुगतान स्वशासी समिति के माध्यम से किए जाने का निर्णय लिया गया। समिति ने माना कि पर्याप्त मानव संसाधन उपलब्ध होने से मरीजों को बेहतर और समयबद्ध सेवाएं प्रदान की जा सकेंगी।

## मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर जिले में चला महा स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे बढ़ता भारत, बदलता भारत' जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत भाजपा जिलाध्यक्ष भरत सिंह के निर्देशानुसार गुरुवार को जशपुर जिले के सभी मंडलों में 'स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत' के संकल्प के साथ विशेष स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। अभियान के तहत जिलेभर के मंडलों में भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने सार्वजनिक स्थलों पर श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया तथा राष्ट्र निर्माण में जनभागीदारी का आह्वान किया। अभियान के दौरान कार्यकर्ताओं ने विभिन्न सार्वजनिक स्थलों, मंदिर परिसरों, चौक-चौराहों एवं अन्य स्थानों की साफ- सफाई कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छ भारत अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप दिया है, जिसके सकारात्मक परिणाम आज पूरे देश में दिखाई दे रहे हैं।

## जिला निवेश प्रोत्साहन समिति की बैठक, सिंगल विंडो सिस्टम, अनुदान, भूमि क्लीयरेंस पर चर्चा

**रायगढ़।** जिला निवेश प्रोत्साहन समिति की बैठक आज जिला कलेक्टोरेट स्थित सृजन सभा कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में जिले में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने, निवेश संबंधी लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण तथा औद्योगिक परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिजीत बबन पठारे, एडीएम अपूर्व प्रियेश टोप्पो, नगर निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय, जिला व्यापार एवं



उद्योग केंद्र की मुख्य महाप्रबंधक श्रीमती अंजू नायक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, स्पंज आयरन एवं पावर प्लांट इकाइयों के प्रतिनिधि, शासन से एमओयू निष्पादित इकाइयों तथा आईओआई प्रमाण पत्र धारित उद्योगों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बैठक में मुख्य महाप्रबंधक ने एजेंडा बिंदुओं का विस्तृत प्रस्तुतीकरण करते हुए निवेश संवर्धन एवं औद्योगिक विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर जानकारी दी। इस दौरान जिले में औद्योगिक निवेश को प्रोत्साहित करने तथा सिंगल विंडो सिस्टम के अंतर्गत लंबित प्रकरणों की समीक्षा की गई। बैठक में ब्याज अनुदानए स्थायी पूंजी निवेश अनुदान, परियोजना प्रतिवेदन, उत्पादन प्रमाण पत्र, मंडी शुल्क एवं स्टाम्प शुल्क छूट तथा मार्जिन मनी अनुदान से जुड़े लंबित प्रकरणों पर विस्तार से चर्चा हुई।

## नशा मुक्ति केन्द्र में 1 माह का निशुल्क पुनर्वास

**जशपुरनगर।** जिले में नशा से मुक्ति के लिए नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केन्द्र का संचालन विगत 2 वर्षों से किया जा रहा है। समाज कल्याण विभाग जशपुर से प्राप्त जानकारी अनुसार यह केन्द्र भागलपुर रोड, रणजिता स्टेडियम के पीछे, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सामने जशपुर नगर, जिला जशपुर में स्थित है। नशा मुक्ति केन्द्र के अधीक्षक द्वारा बताया गया कि जशपुर जिले में अब तक कुल 170 हितग्राहियों को नशामुक्ति हेतु 01 माह का पुनर्वास कराया जा चुका है जिससे हितग्राहियों को बहुत लाभ मिला है। केन्द्र में निशुल्क योग, भोजन, आवासीय सुविधा, काउंसलिंग एवं मनोरंजन के साधन उपलब्ध हैं। जशपुर जिले के लोगों से अपील की जाती है कि नशा में लिप्त व्यक्ति या परिवार नशामुक्ति एवं पुनर्वास केन्द्र जशपुर में भर्ती होकर पुनर्वास का लाभ ले सकते हैं।

## बिजली की बढ़ती दरों और स्मार्ट मीटर के खिलाफ कांग्रेस

**रायगढ़।** स्थानीय जिला कांग्रेस भवन में आज बिजली की बढ़ती दरों और उपभोक्ताओं की समस्याओं को लेकर एक महत्वपूर्ण प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इस प्रेस वार्ता को मुख्य रूप से मनेंद्रगढ़ के पूर्व विधायक विनय जायसवाल ने संबोधित किया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष नागेंद्र नेगी, शहर अध्यक्ष शाखा यादव, पूर्व विधायक प्रकाश नायक, संगठन प्रभारी महामंत्री दीपक मंडल, नेता प्रतिपक्ष सलीम नियारिया,पूर्व प्रभारी महामंत्री विकास शर्मा सहित अन्य वरिष्ठ कांग्रेसी नेता और कार्यकर्ता प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

प्रेस वार्ता के माध्यम से कांग्रेस ने मांग की है कि जनता के हित को ध्यान में रखते हुए बढ़े हुए बिजली दाम तुरंत वापस लिए जाएं। साथ हीए उत्तर प्रदेश की तर्ज पर छत्तीसगढ़ में भी स्मार्ट मीटर लगाने का निर्णय वापस लिया जाए और श्बिजली बिल हाफ योजनाश को पुनः बहाल कर जनता को राहत दी जाए।




### पांचवीं बार बिजली दरों में बढ़ोतरी का विरोध

जनता पर अत्याचार भाजपा सरकार द्वारा लगातार पांचवीं बार बिजली के दाम बढ़ाए जाने को कांग्रेस ने जनता पर सीधे तौर पर अत्याचार बताया है। इस बार घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 30 से 50 पैसे, गैर घरेलू के लिए 20 जव 40 पैसे और किसानों के कृषि पंपों के लिए भी 40 पैसे प्रति यूनिट की बढ़ोतरी की गई है। इसके अलावा हाल ही में 12 प्रतिशत विद्युत ईंधन अधिभार एमपीपीएस भी लगाया गया है। कांग्रेस ने याद दिलाया कि पिछली सरकार के 5 साल के कार्यकाल में बिजली दरों में केवल 2 पैसे की बढ़ोतरी हुई थी और 400 यूनिट तक श्बिजली बिल हाफ योजनाश लागू थी, जिसे वर्तमान सरकार ने बंद कर दिया है।

### स्मार्ट मीटर और अनाप शनाप बिलों का खेल

आरोप लगाया गया है कि पिछले कुछ महीनों से उपभोक्ताओं के बिजली बिल औसत से 3 से 4 गुना अधिक आ रहे हैं। जून माह में ही 45 लाख से अधिक उपभोक्ताओं को अत्यधिक भारी बिल मिले हैं।बिना सहमति के अनुबंध भार लोड बढ़ाना उपभोक्ताओं की सहमति के बिना ही उनका अनुबंध भार बढ़ाया जा रहा है। एक ही महीने में ऑनलाइन और ऑफलाइन अलग अलग बिल भेजे जा रहे हैं और एग्रीमेंट से अधिक खपत का हवाला देकर अर्थदंड पेनल्टी जोड़ा जा रहा है। कांग्रेस का आरोप है कि स्मार्ट मीटर सामान्य मीटरों की तुलना में बहुत तेजी से चल रहे हैं ।

**राजस्व मामले में नोटिस**
**समक्ष नायब तहसीलदार पुसौर**
**जिला रायगढ़ छ.ग.**
मामले का विषय नामातरण बाबत ।
मामला कमांक 202604043900 002/अ-6/सन 201 -26 सुरित लाल बनाम पदमा वगै.
**दावा**
श्री श्रीमती कु. जमुना पिता का नाम पण्डरू जाति रावत ग्राम बुनगा तहसील पुसौर जिला रायगढ़ छ.ग.
आपको सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मामले की सुनवाई तारिख 24 माह 06 सन 201...26 दिन के 11 बजे स्थान तहसील कार्यालय पुसौर जिला रायगढ़ छत्तीसगढ़ पर किया जावेंगा।
जारी तारिख 12 माह 06 सन 2026
मुहर
**राजस्व अधिकारी**
**पदनाम**

**राजस्व मामले में नोटिस**
**समक्ष नायब तहसीलदार पुसौर**
**जिला रायगढ़ छ.ग.**
मामले का विषय नामातरण बाबत ।
मामला कमांक 202604043900 002/अ-6/सन 201 -26 सुरित लाल बनाम पदमा वगै.
**दावा**
श्री श्रीमती कु. कोन्दी पिता का नाम पण्डरू जाति रावत ग्राम बुनगा तहसील पुसौर जिला रायगढ़ छ.ग.
आपको सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मामले की सुनवाई तारिख 24 माह 06 सन 201...26 दिन के 11 बजे स्थान तहसील कार्यालय पुसौर जिला रायगढ़ छत्तीसगढ़ पर किया जावेंगा।
जारी तारिख 12 माह 06 सन 2026
मुहर
**राजस्व अधिकारी**
**पदनाम**

**राजस्व मामले में नोटिस**
**समक्ष नायब तहसीलदार पुसौर**
**जिला रायगढ़ छ.ग.**
मामले का विषय नामातरण बाबत ।
मामला कमांक 202604043900 002/अ-6/सन 201 -26 सुरित लाल बनाम पदमा वगै.
**दावा**
श्री श्रीमती कु. पदमा पिता का नाम लम्बोदर जाति रावत ग्राम बुनगा तहसील पुसौर जिला रायगढ़ छ.ग.
आपको सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मामले की सुनवाई तारिख 24 माह 06 सन 201...26 दिन के 11 बजे स्थान तहसील कार्यालय पुसौर जिला रायगढ़ छत्तीसगढ़ पर किया जावेंगा।
जारी तारिख 12 माह 06 सन 2026
मुहर
**राजस्व अधिकारीण**
**पदनाम**

## खबर संक्षेप

### 24 को ग्राम पंचायतों में होगी ग्राम सभा

**रायगढ़।** 24 जून को ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा। ग्राम सभाओं के लिए समय-सारिणी तैयार कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। जिला पंचायत सीईओ अभिजीत बबन पठारे ने बताया कि ग्राम सभा में ग्राम पंचायत के बजट, विभिन्न विकास कार्यों की स्वीकृति एवं प्रगति की समीक्षा सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण में शामिल पात्र हितग्राहियों की सूची का वाचन, आवश्यक संशोधन करेक्शन तथा प्रतीक्षा सूची के संबंध में भी विचार विमर्श किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ग्राम सभाओं में वीबीजी राम जी योजना के व्यापक प्रचार प्रसार के साथ शासन द्वारा निर्धारित अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा की जाएगी। ग्राम सभाओं के माध्यम से ग्रामीणों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया जाएगा। जिला प्रशासन ने जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों से ग्राम सभा में सक्रिय सहभागिता करने की अपील की है।

### प्रतिनिधियों ने किया ईवीएम का निरीक्षण

**सारंगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पद्मिनी भोई साहू, उप जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश साहू, मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के प्रतिनिधि, भाजपा से दिलीप साहू, कांग्रेस से राधेलाल जायसवाल, बसपा से देव कोसले व रमेश अनंत, आप पार्टी से नंदकुमार, जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जोगी पार्टी से विकास टंडन ने सारंगढ़ के कृषि उपज मंडी प्रांगण स्थित निर्वाचन वेयरहाउस में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन ईवीएम का त्रैमासिक निरीक्षण किया। इस दौरान सभी ईवीएम के रखरखाव, भवन में बारिश से सीपेज, सीसीटीवी कैमरा आदि का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर निर्वाचन पर्यवेक्षक हरिकिशन डनसेना, लिपिक अविनाश सिदार सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

### छायाचित्र प्रदर्शनी स्कूली बच्चों से रहा गुलजार

**सारंगढ़।** भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार का सफलतापूर्वक 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जनसंपर्क विभाग द्वारा अटल परिसर सारंगढ़ में आयोजित 03 दिवसीय छायाचित्र प्रदर्शनी बुधवार क़ो स्कूली बच्चों की उपस्थिति में गुलजार रहा। बच्चों ने प्रदर्शनी के समक्ष सेल्फी और सामूहिक फोटो भी ली। शिक्षक सत्येंद्र बसंत की अगुवाई में स्कूली शिक्षक और छात्राओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा किए गए कार्य के अनेक बिंदुओं राष्ट्र निर्माण, राष्ट्र प्रथम, विश्वबंधु, मेरा स्टार्टअप, विकसित भारत का संकल्प से सजे छायाचित्र प्रदर्शनी और एलईडी में प्रसारित वीडियो से देश के विकास की वीडियो क्लिप का अवलोकन किया गया। साथ ही जनसंपर्क विभाग की जनमन सहित विभिन्न विभागीय पत्रिका और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के भाषणों का अंश पुस्तक का भी वितरण किया गया। छायाचित्र प्रदर्शनी सुबह 11 से रात 9 बजे तक किया जा रहा हैजिसका समापन गुरुवार क़ो होगा।

### पहाड़ी कोरवा परिवारों के सर्वे के लिए दलों की ट्रेनिंग

**रायगढ़।** विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह पीवीटीजी के अंतर्गत आने वाले पहाड़ी कोरवा परिवारों के समग्र विकास और शासन की योजनाओं का लाभ शत प्रतिशत पहुंचाने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। इसी कड़ी में जनपद पंचायत लैलूंगा के सभा कक्ष में मंगलवार को पहाड़ी कोरवा परिवारों के हाउसहोल्ड डाटा कैप्चर कार्य हेतु गठित सर्वे दलों का व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में लैलूंगा विकासखंड के सभी सर्वे दलों को मोबाइल आधारित सर्वे एप्लीकेशन के माध्यम से परिवारों की जानकारी संकलित करने, दस्तावेजों के सत्यापन, पात्रता निर्धारण तथा शासन की विभिन्न योजनाओं के संतृप्तिकरण संबंधी जानकारी विस्तार से प्रदान की गई। प्रशिक्षण का उद्देश्य सर्वे कार्य को त्रुटिरहित, पारदर्शी एवं निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण करना है।

## किसानों को दिया गया प्रशिक्षण, जिंदल फाउंडेशन ने बताए उपाय

# मेडागास्कर विधि से समय की बचत और धान की खेती में लागत भी कम : एक्सपर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

धान की फसल में लागत बढ़ती जा रही है, वहीं काम करने वाले मजदूरों की कमी होती जा रही है, ऐसे समय में कम लागत और कम समय में खेती करने के तरीके बताने के लिए जिंदल फाउंडेशन द्वारा दो दिवसीय किसान प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कृषि विज्ञान केंद्र के एक्सपर्ट द्वारा किसानों को बताया गया कि मेडागास्कर कतार बोनी विधि से धान की बोआई करने से समय की भी बचत होती है और किसानों को खर्च भी कम आता है। एक्सपर्ट द्वारा किसानों को मषीन से रोपाई करने के लिए डेमो भी बताया गया।

खरीफ की खेती का दिन आ गया है, किसान अपने खेतों को तैयार करने में लगे हैं ऐसे समय में किसानों को खेती के लिए सही मार्गदर्शन की आवश्यकता है। जिंदल फाउंडेशन द्वारा अपने कार्पोरेट सोशल रिस्पांस्बिलिटी के तहत दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन कुवोटा और शक्तिमान कंपनियों के सहयोग से तमनार में किया गया।



प्रशिक्षण में पहुंचे किसान।

जिसमें कृषि विज्ञान केंद्र रायगढ़ के कृषि वैज्ञानिक डा. केके पैकरा और डा. केएन पटेल ने जानकारी दी। कंपनी के इंजीनियरों ने बताया कि रोपाई से पहले मिट्टी को पहले रोटावेटर चलाकर भुरभुरी कर लें वह पाउडर की तरह हो जाए उसके बाद भुरभुरी मिट्टी को ट्रे में डालें। उसी ट्रे में मशीन से बीजों को डाला जाता है। उन्होंने बताया कि जरूरत के अनुसार ही मषीन ट्रे में बीज गिराती है। इसके बाद उपचारित बीज को व्यवस्थित रखा जाता है करीब 15 से 20 दिनों के अंदर वह बीज ट्रांसप्लांट के लायक हो जाता है। इसके बाद पेडी ट्रांसप्लांट मशीन से लगाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि मशीन एक दिन में कम से कम 6 एकड़ खेत में रोपाई कर सकती है। इससे समय की बचत होती है। सीएसआर टीम के सुरेश डनसेना ने बताया कि किसानों के लिए जरूरी बेलर मशीन, राउंड बेलर, स्कवेयर बेलर, इस्ट्रा रिपर, स्लेसर, हेरेक, बूम स्प्रे मशीन, प्लाफ रोटावेटर बाजार से कम दर पर किराए में मिल सकती है। इसके लिए किसानों को एफपीओ से संपर्क करना होगा। लागत और लेबर भी कम लगता है।

**पराली जलाने से खेतों में आर्गेनिक कार्बन की होती है कमी**

किसानों को बताया गया कि पराली को जला देने से खेतों में आर्गेनिक कार्बन की कमी हो जाती है, इसलिए उसे जलाने के बजाय डिकंपोज करना चाहिए। किसानों को बताया गया कि बूम स्प्रे मशीन की चैड़ाई 20 फीट से अधिक होती है, एक बार में इतने बड़े एरिया को कवर कर लेता है। बूम स्प्रे से पराली को डिकंपोज किया जा सकता है। इसके बाद पराली से खाद बनती है।



# मोदी सरकार के 12 साल पूरे सिंदूर पार्क में फोटो प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर रायगढ़ के सिंदूर पार्क में आयोजित तीन दिवसीय भव्य फोटो प्रदर्शनी का शुभारंभ आज राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह ने किया। प्रदर्शनी के शुभारंभ अवसर पर राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज विश्व पटल पर एक मजबूत, आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान स्थापित कर रहा है।

बीते 12 वर्षों में देश ने विकास सुशासन, आधारभूत संरचना, डिजिटल क्रांतिए सामाजिक सुरक्षा और जनकल्याण के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश का प्रत्येक वर्ग विकास की मुख्यधारा से जुड़ रहा है और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है। केंद्र सरकार की योजनाओं ने किसानों, महिलाओं, युवाओं, श्रमिकों, गरीब एवं वंचित वर्गों के जीवन में व्यापक परिवर्तन लाया है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के माध्यम से किसानों को आर्थिक संबल मिला है, वहीं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना ने प्राकृतिक आपदाओं के समय किसानों को सुरक्षा प्रदान की है।

# स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्राम पंचायतवार तैयार होगा एक्शन प्लान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

मंगलवार को जनपद पंचायत घरघोड़ा और रायगढ़ में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन से संबंधित सभी घटकों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सीईओ द्वारा की गई, जिसमें दोनों जनपदों के अधिकारी कर्मचारी, ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक तथा स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की ब्लॉक स्तरीय टीम उपस्थित रही। बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा एसडब्ल्यूएम रुल्स 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

अधिकारियों ने ग्राम पंचायतों में अपशिष्ट प्रबंधन की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते हुए आगामी कार्ययोजनाओं की प्रगति का आकलन किया। समीक्षा बैठक के दौरान एसडब्ल्यूएम रुल्स 2026 के तहत ग्राम पंचायतवार जीपी वाईस एक्शन प्लान की गहन समीक्षा की गई। सभी ग्राम पंचायतों को निर्धारित श्रेणीकरण के अनुरूप अपनी कार्ययोजना तैयार करने तथा समयबद्ध तरीके से उसका क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में घर-घर से कचरा संग्रहण व्यवस्था को मजबूत बनाने, स्रोत स्तर पर सूखे एवं गीले कचरे के पृथक्करण को बढ़ावा देने,4 डस्टबिन प्रणाली को प्रभावी रूप से लागू करने तथा सेग्रीगेशन शेड के नियमित संचालन पर विशेष बल दिया गया। बैठक में सितंबर 2026 एवं मार्च 2027 तक निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए चयनित ग्राम पंचायतों में आवश्यक तैयारियां समय रहते पूर्ण करने पर जोर दिया गया। सभी ग्राम पंचायतों को निर्देशित किया गया कि वे अपने क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुरूप विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर निर्धारित समय-सीमा में प्रस्तुत करें।



### सेजेस कुंजेमुरा में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन

**तमनार।** तमनार विकास खण्ड के सेजेस कुंजेमुरा के प्राथमिक माध्यमिक एवं हाई स्कूल में शाला प्रवेशोत्सव उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक वंदन कर आत्मीय स्वागत किया गया तथा उन्हें निःशुल्क पाठ्यपुस्तक एवं गणवेश वितरित कर अध्ययन के लिए प्रोत्साहित किया गया। बोर्ड टॉपर्स को 18 हजार का नकद पुरस्कार एसएमडीसी पदाधिकारियों द्वारा 100 प्रतिशत रिजल्ट देने वाले शिक्षकों को प्राचार्य द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया। जिला पंचायत सदस्य रमेश बेहरा मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, अनुशासन एवं विद्यालयीन गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य रमेश बेहरा, बीडीसी यज्ञसेनी उमेश सिदार, सरपंच संजुक्ता खेसए एसएमडीसी उमेश सिदार, कार्तिक निषाद, बीईओ मोनिका गुप्ता, एबीईओ युके सिदार, बीआरसी, एप्राचार्य शिक्षक शिक्षिकाएं, पालकगण एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# सड़क बाधा और सी एंड डी वेस्ट फैलाने वालों पर निगम की कार्रवाई

**रायगढ़।** निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय के निर्देश पर नगर निगम की सफाई टीम द्वारा शहर में सड़कों पर निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट सीएंडडी वेस्ट, रेत, गिट्टी एवं अन्य निर्माण सामग्री फैलाकर आवागमन बाधित करने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान निगम की टीम ने विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण कर सड़क बाधा उत्पन्न करने वाले लोगों के विरुद्ध 11 हजार रूपए जुर्माना लगाते हुए 5 ट्रैक्टर ट्राली निर्माण सामग्री जब्त किया।

कार्रवाई के दौरान जूटमिल, कबीर चौक और छातामुड़ा क्षेत्र में गुरुजी आटा चक्की द्वारा सड़क पर सी एंड डी वेस्ट फैलाए जाने पर 1,000 रुपए, सुदर्शन देवांगन के द्वारा सड़क पर निर्माण सामग्री फैलाने पर 3,000 रुपए तथा डी एम साव द्वारा सड़क पर सी एंड डी वेस्ट पाए जाने पर 5,000 रुपए पेनाल्टी वसूला गया। इसी तरह विजयपुर चौक पर रवि सोनी द्वारा सड़क पर निर्माण मटेरियल रखने और सड़क बाधा करने पर 2 हजार रुपए जुर्माना वसूलते हुए सभी जगहों से 5 ट्रैक्टर ट्राली मटेरियल जब्त किया गया। इस दौरान संबंधित व्यक्तियों को तत्काल सड़क एवं सार्वजनिक स्थानों से मलबा हटाने के निर्देश भी दिए गए। नगर निगम की टीम ने अभियान के दौरान शहर के विभिन्न क्षेत्रों में निरीक्षण कर 10 से अधिक लोगों को समझाइश दी। उन्हें बताया गया कि सड़क, नाली एवं सार्वजनिक स्थलों पर निर्माण मलबा अथवा अन्य सामग्री डालने से यातायात बाधित होता है और दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ती है। निगम द्वारा भविष्य में ऐसे मामलों में और अधिक सख्ती बरतने की चेतावनी भी दी गई।



**एक ही दिन में चार पर 11 हजार किया गया पेनाल्टी**

नगर निगम द्वारा चलाए गए अभियान में सड़क बाधा एवं सी एंड डी वेस्ट फैलाने के चार प्रमुख मामलों में कार्रवाई करते हुए कुल 11000 रुपए पेनाल्टी वसूला गया। इसके अलावा 10 से अधिक लोगों को मौके पर समझाइश देकर सार्वजनिक स्थलों पर निर्माण मलबा नहीं डालने की हिदायत दी गई। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शहर में सड़क बाधा उत्पन्न करने वालों के खिलाफ अभियान निरंतर जारी रहेगा और नियमों के विपरीत सड़क बाधा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# गौ ग्राम जनजागरण वाहन क़ो कलेक्टर ने दिखाई हरी झंडी

**सारंगढ़।** छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के तत्वावधान में आयोजित गौ ग्राम जन जागरण यात्रा का शुभारंभ कलेक्ट्रेट सारंगढ़ में कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा वाहन को रवाना किया, जो गांव-गांव तक गौ संरक्षण का संदेश पहुंचेगा।

इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर शिक्षा शर्मा, भरत अग्रवाल, यशवंत सिंह ठाकुर, गौधाम संचालक प्रकाश तिवारी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने गौ संरक्षण एवं संवर्धन के इस अभियान की सराहना करते हुए इसे जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। गौ ग्राम जन जागरण यात्रा का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में गौवंश के संरक्षण, संवर्धन, प्राकृतिक खेती, जैविक कृषि तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना है। यात्रा के माध्यम से किसानोंए पशुपालकों एवं आम नागरिकों को गौ आधारित कृषि और आत्मनिर्भर ग्रामीण अर्थव्यवस्था की जानकारी दी जाएगी। इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. महेंद्र पाण्डेय ने कहा कि शासन द्वारा गौवंश के संरक्षण एवं पशुपालकों के हित में अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं।



# मुकडेगा और हाटी में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का निर्माण, डीएमएफ से 3.20 करोड़ होगा खर्च

- खनन प्रभावित क्षेत्रों के हजारों लोगों को मिलेगा सीधा लाभ, समय और धन दोनों की होगी

**रायगढ़।** जिले के ग्रामीण एवं खनन प्रभावित क्षेत्रों को स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में एक बड़ी सौगात मिलने जा रही है। जिला खनिज संस्थान न्यास मद से 3 करोड़ 20 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसके तहत लैलूंगा ब्लॉक के मुकडेगा तथा धरमजयगढ़ ब्लॉक के हाटी में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का निर्माण एवं उन्नयन किया जाएगा।

इस पहल से हजारों ग्रामीणों, आदिवासी परिवारों और खनन प्रभावित समुदायों को अपने क्षेत्र में ही बेहतर एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलेगा। स्वीकृत राशि में लैलूंगा ब्लाक के मुकडेगा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण एवं उन्नयन हेतु 1 करोड़ 20 लाख 30 हजार तथा धरमजयगढ़ ब्लॉक के हाटी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए 1 करोड़ 99 लाख 70 हजार की राशि स्वीकृत की गई है। इन परियोजनाओं का उद्देश्य दूरस्थ और खनन प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाना तथा ग्रामीणों को आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना है। स्वास्थ्य केंद्रों के विकसित होने के बाद स्थानीय लोगों को छोटी-बड़ी बीमारियों के उपचार, प्राथमिक चिकित्सा, टीकाकरण और नियमित स्वास्थ्य जांच के लिए लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी। गांव के समीप ही बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होने से ग्रामीणों को बड़ी राहत मिलेगी।

**मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को मिलेगा नया बल**

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के उन्नयन से क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं को नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, आवश्यक दवाइयां, टीकाकरण और प्रसव संबंधी बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इससे संस्थागत प्रसव को बढ़ावा मिलेगा तथा जच्चा-बच्चा दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी। इसके अलावा नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण और पोषण संबंधी सेवाओं में भी उल्लेखनीय सुधार होगा। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार से मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य संकेतकों में सकारात्मक परिवर्तन आने की उम्मीद है।

# सारंगढ़ में एसकेडीवी मिशन की हुई आवश्यक बैठक, लिए गए निर्णय

**कोसीर।** जिला मुख्यालय सारंगढ़ में एसकेडीवी मिशन जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ का आवश्यक बैठक किया गया। ट्रेनिंग वर्कशॉप में भाग लेने वाले समस्त प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया गया। पंथ श्री हुजूर साहब के बताए दिशा निर्देश मार्ग में चलना एवं नियमावली आचार संहिता का पालन करना समस्त प्रतिनिधियों एवं कबीर पंथियों से अनुरोध किया गया। पंथ हुजूर उदित मुनि नाम साहब के आदेशानुसार 29 जून को सद्गुरु कबीर साहब का प्राकट्य उत्सव आयोजन सुनिश्चित करना एसकेडीवी मिशन जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला मुख्यालय में सद्गुरु कबीर साहब के प्राकट्य उत्सव धूमधाम से मनाने एवं शोभा यात्रा भोजन भंडारा खीर प्रसाद वितरण करने का निर्णय लिया गया। एसकेडीवी मिशन के सभी प्रतिनिधियों ने स्वयं इच्छानुसार इस कार्यक्रम के लिए राशि दान सहयोग दिया गया। बैठक में उपस्थित वरदास जिला प्रतिनिधि, दिलीप दास जिला परोपकारी, दिनेश दास जिला युवा प्रतिनिधि, पूनम महंत जिला महिला प्रतिनिधि, अगर दास सारंगढ़ तहसील प्रतिनिधि, किशोर, गोविंद, शकुंतला, रोशनी, नृप दास, मनोज दास, रोहित, श्याम सुंदर, सुपारी दास, लाल दास, हरीश एवं समस्त प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



# बाबा तालाब की शुरु हुई सफाई सालों से पड़ा था उपेक्षित

**बरमकेला।** वर्षों से उपेक्षा और अव्यवस्था का सामना कर रहे नगर पंचायत बरमकेला इंदिरा चौक स्थित बाबा तालाब में नगर पंचायत द्वारा साफ सफाई का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। गुरुवार को नगर पंचायत की टीम तालाब परिसर पहुंची और सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी दीपक विश्वकर्मा स्वयं मौके पर पहुंचे तथा पूरे कार्य का निरीक्षण किया।

स्थानीय लोगों के अनुसार लंबे समय बाद तालाब को लेकर प्रशासनिक स्तर पर इस प्रकार की सक्रियता देखने को मिली है। यही कारण है कि सफाई कार्य शुरू होने से क्षेत्रवासियों में उत्साह और उम्मीद दोनों दिखाई दे रही है। नागरिकों का मानना है कि यदि इसी तरह निरंतर प्रयास जारी रहे तो आने वाले समय में बाबा तालाब की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिल सकता है। गौरतलब है कि हाल ही में वार्ड क्रमांक 06 एवं 07 के नागरिकों द्वारा बाबा तालाब के संरक्षण और सौंदर्यीकरण की मांग को लेकर नगर पंचायत प्रशासन को आवेदन सौंपा गया था। नागरिकों ने तालाब की वर्तमान स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए इसके संरक्षण की मांग की थी। इस विषय को स्थानीय प्रिंट मीडिया ने भी प्रमुखता से प्रकाशित किया और लगातार समाचारों के माध्यम से जनभावनाओं को सामने लाने का प्रयास किया। बाबा तालाब से जुड़ी खबरों के प्रकाशित होने के बाद यह विषय नगर में चर्चा का प्रमुख मुद्दा बन गया। आम नागरिकों से लेकर जनप्रतिनिधियों तक ने इस विषय पर चिंता व्यक्त की और प्रशासन से आवश्यक कदम उठाने की मांग की। इसके बाद नगर पंचायत प्रशासन ने मामले का संज्ञान लेते हुए तालाब की साफ सफाई शुरू करवाई।



बाबा तालाब की सफाई एवं सौंदर्यीकरण को लेकर वार्डवासियों द्वारा मांग की गई थी। नागरिकों की मांग को ध्यान में रखते हुए तालाब की साफ-सफाई का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।
**दीपक विश्वकर्मा, सीएमओ नगर पंचायत बरमकेला**

### अभाविप में राखी को मिला महत्वपूर्ण दायित्व

**रायगढ़।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अभाविप छत्तीसगढ़ प्रांत का चार दिवसीय प्रांत अभ्यास वर्ग राजिम में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। अभ्यास वर्ग के अंतिम सत्र में संगठनात्मक दृष्टि से महत्वपूर्ण घोषणाएं की गईं, जिनमें विभिन्न दायित्वों की घोषणा भी शामिल रही। राखी बोहिदार पूर्व में नगर सह मंत्री, जिला कार्यसमिति सदस्य एवं प्रांत कार्यकारिणी सदस्य जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर चुकी हैं।



# 26 जून तक चलेगा नशा मुक्त भारत अभियान, कलेक्टोरेट में ली गई शपथ

**सारंगढ़।** नशा मुक्त भारत अभियान 17 से 26 जून अंतर्गत बुधवार क़ो कलेक्टर कार्यालय सारंगढ़ के सभाकक्ष में नशा मुक्ति का संकल्प अधिकारियों ने लिया। भारत सरकार सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा देश में मादक पदार्थों की मांग में कमी हेतु राष्ट्रीय कार्ययोजना लागू की गयी है, जिसका उदेश्य आम जनमानस को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक एवं शिक्षित करना है। 26 जून को अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण एवं अवैध तस्करी विरोधी दिवस के रूप में मनाया जाता है।

इस दिवस के महत्व को ध्यान में रखते हुए नशा मुक्त भारत अभियान विकसित भारत की पहचान विषय वस्तु पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। 21 जून को विश्व योग दिवस के अवसर पर नशे के विरूद्ध योग फॉर वेलनेस कार्यकम का आयोजन किया जाएगा। नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत सामूहिक शपथ कराया जाएगा। इस कार्यक्रम के अंतर्गत नशामुक्ति संबंधित सामूहिक शपथ, पोस्टर निर्माण, निबंध प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, साइकिल या बाइक रैली, योग सत्र, जागरूकता अभियान आदि का आयोजन कराया जाएगा।



DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
• मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
• किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
• अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
• मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त